रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-17022021-225229
CG-DL-E-17022021-225229

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 663] नई दिल्ली, बुधवार, फरवरी 17, 2021/माघ 28, 1942
No. 663] NEW DELHI, WEDNESDAY, FEBRUARY 17, 2021/MAGHA 28, 1942

India Code

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 17 फरवरी, 2021

का.आ. 718(अ).—केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और तत्कालीन भारत सरकार, पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्याक का.आ. 1533(अ) तारीख, 14 सितम्बर, 2006 के अनुसरण में, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उप-खंड (ii) में अधिसूचना संख्याक का.आ. 4001(अ) तारीख 20 दिसंबर, 2017 द्वारा प्रकाशित की गई थी, में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात्:-

उक्त अधिसूचना में,-

(i) पैरा 2 के पश्चात् निम्नलिखित पैरा अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"2क पैरा 2 में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए आंध्र प्रदेश प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्य 19 जून, 2021 तक या नए आंध्र प्रदेश प्राधिकरण का गठन होने तक, इनमें से जो भी पहले हो अपने पद पर बने रहेंगे" ।

(ii) पैरा 6 के पश्चात् निम्नलिखित पैरा अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"6क पैरा 6 में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए आंध्र प्रदेश एसईएसी के अध्यक्ष और सदस्य 19 जून, 2021 तक या नए आंध्र प्रदेश एसईएसी का गठन होने तक इनमें से जो भी पहले हो अपने पद पर बने रहेंगे"।

[फा. सं. जे-11013/36/2007-आईए.II(आई)]

सुजीत कुमार बाजपई, संयुक्त सचिव

टिप्पण : मूल अधिसूचना सं. का.आ. 4001(अ) तारीख, 20 अक्टूबर, 2017 द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उप-खंड (ii) में प्रकाशित की गई थी और अंतिम बार अधिसूचना संख्याक का.आ. 666(अ), तारीख 12 फरवरी, 2020 द्वारा संशोधित की गई थी।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 17th February, 2021

S.O. 718(E).—In exercise of the powers conferred by sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) and in pursuance of the notification of the Government of India in the erstwhile Ministry of Environment and Forests, number S.O. 1533(E), dated the 14th September, 2006, the Central Government hereby makes the following further amendments in the notification of the Government of India, in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change, published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (ii), *vide* number S.O. 4001(E), dated the 20th December, 2017, namely:-

In the said notification, -

(i) after paragraph 2, the following paragraph shall be inserted, namely: -

"2A. Notwithstanding anything contained in paragraph 2, the Chairman and Members of the Authority, Andhra Pradesh shall hold office for a term up to the 19th June, 2021 or till the constitution of new Authority, Andhra Pradesh, whichever is earlier.";

(ii) after paragraph 6, the following paragraph shall be inserted, namely: -

"6A Notwithstanding anything contained in paragraph 6, the Chairman and Members of the SEAC, Andhra Pradesh shall hold office for a term up to the 19th June, 2021 or till the constitution of new SEAC, Andhra Pradesh, whichever is earlier.".

[F. No. J-11013/36/2007-IA.II(I)]

SUJIT KUMAR BAJPAYEE, Jt. Secy.

Note: The principal notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (ii), *vide* number S.O. 4001 (E), dated the 20th October, 2017 and was last amended vide notification number S. O. 666 (E) dated 12th February, 2020.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

KUMER CHAND MEENA Digitally signed by KUMER CHAND MEENA Date: 2021.02.17 22:46:09 +05'30'